**13/07**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

लगातार हो रही वर्षा के कारण आज सुबह कुरुङ कुमे जिले के पार्सी-पार्लो क्षेत्र में भीषण फ्लैश फ्लड ने व्यापक तबाही मचाई। अचानक आई बाढ़ से पार्सी-पार्लो सर्किल तथा दामिन सब-डिविशन में भारी नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हुरी को दामिन से जोड़ने वाला पुल तेज बहाव में बह गया है, जिससे सड़क संपर्क पूरी तरह बाधित हुआ है। इस घटना से परिवहन व्यवस्था, सार्वजनिक अवसंरचना तथा आवासीय संपत्तियों को भी गंभीर क्षति पहुँची है। इधर, आज सुबह हुई भारी वर्षा के कारण पाक्के-केसांग जिले के पाकरो गांव के पास सेपा-ईटानगर सड़क का एक हिस्सा भूस्खलन की वजह से पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। सुशी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के अनुसार, सड़क को बहाल करने में लगभग दो से तीन दिन का समय लग सकता है। जिला प्रशासन ने यात्रियों से अगली सूचना तक इस मार्ग से यात्रा न करने तथा प्रभावित क्षेत्र से दूर रहने की अपील की है।

वहीं, आज तड़के अपर सुबनसिरी जिले के दापोरिजो स्थित दिलिदी कॉलोनी में भी विनाशकारी फ्लैश फ्लड देखा गया। इस आपदा में घरों, पशुधन तथा सार्वजनिक अवसंरचना को व्यापक नुकसान पहुँचा है। बाढ़ से पांच सौ से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं और अनेक परिवार बेघर हुए हैं।

हालांकि, संपत्ति के नुकसान तथा प्रभावित परिवारों की वास्तविक संख्या का आधिकारिक आकलन अभी किया जाना बाकी है। जिला प्रशासन ने नुकसान का विस्तृत आकलन शुरू कर दिया है ताकि प्रभावित लोगों के लिए राहत उपायों की तैयारी की जा सके।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के एडिशनल एडवॉकेट जनरल दुगमार कामदुक ने आज लोक भवन ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. पारनाइक रिटायर्ड से मुलाकत की। यह मुलाकात राज्य के एडिशनल एडवॉकेट जनरल के रूप में उनकी हालिया नियुक्ति के बाद हुई। राज्यपाल ने उन्हें इस महत्वपूर्ण संवैधानिक दायित्व की जिम्मेदारी संभालने पर बधाई देते हुए सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने श्री कामदुक की पेशेवर दक्षता, ईमानदारी तथा जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि वे कानून के शासन को बनाए रखते हुए राज्य सरकार और प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। बातचीत के दौरान राज्यपाल ने समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने तथा न्यायिक व्यवस्था में लोगों का विश्वास मजबूत करने में विधिक एवं अभियोजन तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी बल दिया।

0000000000000000000000000

शिक्षा राज्य मंत्री पी.डी. सोना ने आज ब्लॉक शिक्षा अधिकारी - BEO से पदोन्नति के माध्यम से उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा - DDSE के पद पर नियुक्ति के लिए भर्ती नियम तैयार करने के संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में शिक्षा विभाग में प्रशासनिक दक्षता को मजबूत करने तथा कर्मचारियों के लिए बेहतर कैरियर उन्नति के अवसर सुनिश्चित करने हेतु पारदर्शी, योग्यता-आधारित और स्पष्ट पदोन्नति व्यवस्था विकसित करने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

000000000000000000000000000

स्पीयरहेड डिवीजन के तत्वावधान में स्पीयरहेड गनर्स ने बाईस अरुणाचल प्रदेश एनसीसी बटालियन के लगभग एक सौ बीस एनसीसी कैडेट्स के लिए बेसिक Unmanned Aerial Systems - UAS एवं Counter-Unmanned Aerial Systems - C-UAS प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। यह प्रशिक्षण आठ से दस जुलाई तक बाईस एपी एनसीसी बटालियन, पासीघाट तथा ग्यारह से बारह जुलाई तक सिगार मिलिट्री स्टेशन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को उभरती हुई ड्रोन तकनीक की जानकारी दी गई और आधुनिक सैन्य अभियानों में UAS तथा C-UAS की भूमिका के बारे में उनकी समझ को और मजबूत किया गया।

000000000000000000000000000

तवांग में पवित्र तीन दिवसीय ल्हामो तोरछेन धार्मिक अनुष्ठान का आज शाम पारंपरिक तोरग्या अनुष्ठान के सातह समापन हुआ। चामलेंग में आयोजित इस अनुष्ठान का नेतृत्व तवांग मठ के प्रमुख, परम श्रद्धेय फारा दामे तुल्कु रिनपोछे ने तवांग गादेन नामग्याल ल्हात्से मठ के वरिष्ठ भिक्षुओं के साथ किया। तवांग मठ की सदियों पुरानी आध्यात्मिक परंपराओं के अनुरूप आयोजित होने वाला ल्हामो तोरछेन, मोनपा समुदाय के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठानों में से एक माना जाता है।

0000000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के बारह ज़िलों ईस्ट कामेङ, वेस्ट कामेङ, कुरुङ कुमे, पाक्के केसाङ, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, वेस्ट सियाङ, आंजाव, लोहित, नामसाई, चाङलाङ और तिराप के लिए अगले चौबीस घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000000000

फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के समापन के साथ ही सेमीफाइनल की तस्वीर साफ हो गई है। पहले सेमीफाइनल में फ्रांस का मुकाबला स्पेन से बुधवार को होगा। दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को इंग्लैंड और अर्जेंटीना आमने-सामने होंगे। दोनो ही मुकाबले भारतीय समयानुसार रात साढे बारह बजे से खेला जाएगा।

सेमीफाइनल के विजेता बीस जुलाई को न्यू जर्सी स्टेडियम में होने वाले फीफा विश्व कप फाइनल में भिड़ेंगे, जबकि हारने वाली टीमें उन्नीस जुलाई को मायामी में तीसरे स्थान के लिए प्ले-ऑफ मुकाबला खेलेंगी।

0000000000000000000000000000